प्रदेश में 10 लाख करोड़ के निवेश का श्रीगणेश

भूमि पूजन समारोह 19 फरवरी को, पीएम के आने की उम्मीद

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हुए 38 लाख करोड़ रुपये के समझौतों को धरातल पर लाने के लिए 19 फरवरी को भूमि पूजन समारोह का आयोजन होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन कर सकते हैं। इसमें देश विदेश के निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में 10 लाख करोड़ रुपये के करीब 14 हजार एमओयू को शामिल किया जाएगा। वहीं 20 और 21 फरवरी को प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

फरवरी 2023 में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 33 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे, जो बढ़कर 38 लाख करोड़ से ज्यादा के हो गए हैं। इनके क्रियान्वयन को लेकर भूमि पूजन समारोह की तैयारियां काफी समय से चल रही थीं। फरवरी का महीना तय हो गया था, लेकिन तारीख की घोषणा नहीं की गई थी। बजट पेश होने के दूसरे दिन ही भूमि पूजन समारोह के लिए 19 फरवरी की तारीख फाइनल की गई है।

अमेठी, गोंडा समेत छह जिलों ने पूरा किया लक्ष्य

समारोह के लिए 23 जनवरी को हुई समीक्षा में सामने आया कि चंदौली, हरदोई, अमेठी, बरेली, गोंडा और फतेहपुर ने निवेश का लक्ष्य 100 फीसदी पूरा कर लिया है। चंदौली इनमें नंबर वन है। जिसे भूमि पूजन समारोह के लिए 20 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 23 हजार करोड़ की 52 परियोजनाएं फाइनल की गई हैं।